प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 05.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन का दौरा कर लौटे उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज मीडिया के समक्ष यात्रा की उपलब्धियां साझा की। रांची के सूचना भवन स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उद्योग विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि तमाम निवेशकों और कंपनियों संग निवेश को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई है।

*******************

भाजपा ने आज पाकिस्तान के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन किया। रांची में भी पाकिस्तान भारत छोड़ो के नारे के साथ पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। प्रदर्शन में पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी श्री वाजपेयी ने कहा कि राज्य सरकार को झारखंड में रह रहे सभी पाकिस्तानियों को वापस भेजने की कार्रवाई करनी चाहिए।

*******************

प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि कल रांची में पार्टी द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी। पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने पत्रकारों से कहा कि इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी के दबाव में केन्द्र सरकार को जातीय जनगणना का फैसला लेना पड़ा।

*******************

जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में चार्जशीटेड डीएसपी राधा प्रेम किशोर की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। आज सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब कोर्ट इस मामले में 17 मई को सुनवाई करेगा।

*******************

साल 2024 में हुई जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले के छह आरोपियों की जमानत पर रांची सीआईडी की विशेष अदालत ने सुनवाई पूरी कर ली है। बचाव पक्ष और सीआईडी की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट जमानत याचिका पर 9 मई को फैसला सुनायेगा।

*******************

पलामू जिले में छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली से रुबरु कराने के लिए एक अनोखी पहल की गयी है। इस कड़ी में आज केजी सीएम एक्सीलेंस स्कूल की नौंवीं की छात्राओं को शहर थाना परिसर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने छात्राओं को पुलिस के कामकाज से अवगत कराया। छात्राओं को डायल 112 सेवा की उपयोगिता, ऑनलाइन एफआईआर की प्रक्रिया और पुलिस द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले हथियारों से भी परिचित कराया गया।

*******************

जामताड़ा जिले में प्रशासन की ओर से ड्राप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

गढ़वा पुलिस को आदित्य बिड़ला ग्रुप रेहला ग्रासिम की ओर से ओपन जिम की सौगात दी गयी है। पुलिस केंद्र में स्थापित ओपन जिम का उदघाटन पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय और ग्रासिम इंडस्ट्री रेहला के यूनिट हेड हितेंद्र केशव अवस्थी ने संयुक्त रुप से किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्रासिम इंडस्ट्री की ओर से पुलिस को यातायात समाग्रियां भी दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि ओपन जिम पुलिस के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।

*******समाप्त********